हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 जून 2024

तापमान
अधिकतम 46.0 डिग्री
न्यूनतम 33.0 डिग्री

10 एसडीएम ने संबधित विभाग को समाधान के दिए निर्देश



10 लोगों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया



## खबर संक्षेप

### पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपी काबू

**जींद।** रामनगर नरवाना में पति ने पत्नी पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बचाव में शोर मचाए जाने पर परिजनों ने आरोपित को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ निगलकर खुदकुशी की

**कैथल।** बलराज नगर में वीरवार रात 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। मृतक के मौसेरे भाई ने मृतक की पत्नी और सास पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया। जालंधरी मोहल्ला कैथल के रोबिन ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।

### बाप व बेटे पर हमला करने पर दो नामजद

**जींद।** बहादुरपुर में घर में घुस बाप व बेटे पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव बहादुरपुर निवासी गुरप्रीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही दिलबाग से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते दिलबाग तथा भूपेंद्र घर में घुस आए और हमला कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, पटियाला रेफर

**गुहला-चीका।** चीका पटियाला स्टेट हाई वे पर गांव टटियाना के पास एक पी.आर.टी.सी. की बस व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई, जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि बस पटियाला से चीका आ रही थी और मोटरसाइकिल सवार पटियाला रोड पर स्थित गांव टटियाना की तरफ जा रहा था कि रास्ते में दोनों की टक्कर हो गई।

### बलविंद्र संघ के प्रधान मनजीत उपाध्यक्ष बने

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन सब डिवीजन गढी में में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान बलविंद्र पांचाल ने की। मंच का संचालन जिला सह सचिव सागर ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सब डिवीजन गढी की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन करना था। बलविंद्र पांचाल को अध्यक्ष, मनजीत उपाध्यक्ष नियुक्त किए।

### भारत विकास परिषद ने किया बैठक का आयोजन

**गुहला-चीका।** भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. विनोद गुप्ता ने की। बैठक में सबसे पहले नए सदस्यों सूरजभान सिंगला, जोहरीमल सिंगला, अशोक बंसल, अनुज गर्ग व जितेन्द्र गोयल को बैज लगाकर शपथ दिलाई गई।

### कृषि यंत्रों का होगा भौतिक सत्यापन

**जींद।** सहायक कृषि अभियंता विजय कुंडू ने बताया कि कृषि विभाग के आदेशानुसार जिला के वे किसान जिन्होंने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के दौरान अनुदान पर स्ट्रा बेलर तथा हे रैक लिए हैं, उनका ब्लॉक जींद, जुलाना, अलेवा, पिल्लूखेड़ा व सफीदों के किसानों के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 20 जून को 11 बजे हमेटी के प्रांगण में करवाया जाएगा।

### दो चचेरी बहन लापता, केस दर्ज

**कैथल।** जिले के एक गांव से दो चचेरी बहनें बिना बताए घर से कहीं चली गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 13 जून को सुबह के समय उसकी 22 वर्षीय बेटी व 20 वर्षीय भतीजी बिना बताए घर से चली गई।

# खुशखबरी : जींद नागरिक अस्पताल में आईसीयू का ट्रायल प्रारंभ

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर, सीएमओ व पीएमओ ने आईसीयू का दौरा कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के लिए खुशखबरी है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में बनाए गए आईसीयू का ट्रायल शुरू हो गया है। हालांकि ये केवल ट्रॉयल के रुप में शुरू किया है। सब कुछ ठीक रहा तो आगामी कुछ दिनों में जिलावासियों को आईसीयू की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसमें फिलहाल दो-तीन साधारण बीमारियों से पीड़ित लोगों को भर्ती किया गया है। अगले सप्ताह से आईसीयू में गंभीर मरीजों को दाखिल किया जाएगा। इसके बाद गंभीर मरीजों को पीजीआई रोहतक रेफर करने से छुटकारा मिल जाएगा। शुक्रवार को अधिकारियों ने आईसीयू का दौरा किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के जेई को बुलाकर कुछ कार्य बाकी कार्य को जल्द पूरा करने को कहा। गौरतलब है कि गत 29 मई को विभाग के निदेशक डा. मनीष बंसल ने जींद का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने आईसीयू का दौरा करते हुए सिविल सर्जन को तुरंत आईसीयू शुरू करने के निर्देश दिए थे। इस पर सिविल सर्जन ने चिकित्सकों की कमी की बात कही थी। डा. बंसल ने कहा कि जितने चिकित्सक हैं, उसके हिसाब से आईसीयू शुरू करो, जल्द ही चिकित्सकों की व्यवस्था हो जाएगी। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल के आईसीयू में मरीजों को दाखिल करना शुरू कर दिया। फिलहाल ऐसे मरीजों को दाखिल किया जा रहा है, जो गंभीर नहीं हैं। धीरे-धीरे आईसीयू की कमियां दूर होती रहेंगी और अगले सप्ताह से आईसीयू में गंभीर मरीजों को भी दाखिल करने की व्यवस्था हो जाएगी। सिविल सर्जन ने पीडब्ल्यूडी के जेई को मौके पर बुलाया और जो-जो कार्य आईसीयू में बाकी है, वह पूरा करने को कहा। हालांकि यह ऐसा कार्य है जिससे आईसीयू के संचालन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन अब विभाग एक भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता है। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डा. राजीव महेंद्ररू, सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल, प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. जितेंद्र कादियान, डा. अरविंद तथा अन्य स्टाफ ने आईसीयू का जायजा लिया। स्टाफ सदस्यों ने कुछ कमियां देखी और इनको तुरंत ठीक करवाने के लिए निर्देश दिए। डा. राजीव महेंद्ररू ने कहा कि यदि नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पूरी हो जाए तो जिले में और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को मिल सकती हैं।



जींद। नागरिक अस्पताल में बने आईसीयू का निरीक्षण करते स्वास्थ्य अधिकारी।

### आईसीयू शुरू : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि आईसीयू को शुरू कर दिया है। अगले सप्ताह से इसमें गंभीर मरीजों को रखना शुरू कर दिया जाएगा। अब गंभीर मरीजों को रोहतक पीजीआई रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ बिजली व कुछ सिविल कार्य बाकी है, जो जल्द पूरा हो जाएगा। कुछ डॉक्टरों व स्टाफ की ड्यूटी लगा दी है। यदि कुछ और डॉक्टर मिल जाएं तो आईसीयू को पूरी क्षमता से चलाने में कोई परेशानी नहीं होगी।



कैथल। मामले में नागरिक अस्पताल में खड़े परिजन।

# बात्ता में स्कूल के पास मिला व्यक्ति का शव

■ परिजनों ने गांव के ही दंपती पर लगाया हत्या करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शुक्रवार को गांव बात्ता में 46 वर्षीय व्यक्ति का शव स्कूल के पास मिला। परिजनों ने गांव के ही एक दंपत्ती पर हत्या करने और शव को घसीटकर दीवार के सहारे लगाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि 14 जून की रात्रि को उत व्यक्ति घूमने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। देर रात तक वापस न आने पर जब परिजनों ने तलाश की तो व्यक्ति का शव स्कूल के पास मिला। बडियाल पट्टी गांव बाता के पारस कुमार ने कलायत थाना में दी शिकायत में बताया कि उसका 46 वर्षीय पिता नरेश कुमार 13 जून को रात के समय बाहर घूमने के लिए गया था। जब रात को करीब 11:40 तक पिता घर पर नहीं आया तो उन्होंने उसके नंबर पर फोन किया। मोबाइल की घंटी बज रही थी, लेकिन उसके पिता ने फोन नहीं उठाया। रात को करीब एक बजे तक इंतजार करने के बाद भी जब उसके पिता के बारे में काई जानकारी नहीं मिली तो वह और उसका चचेरा भाई हैप्पी कुमार मोटरसाइकिल पर उसके पिता नरेश कुमार को तलाश करने के लिए निकल गए। वे तलाश करते धर्मबीर के मकान के सामने पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति खंभे के पास दीवार के साथ में बैठा था। देखा तो दीवार के साथ लगा व्यक्ति उसका पिता मिला, जो बेसुध अवस्था में था।

### मामले की जांच जारी

कलायत थाना एसएचओ रामनिवास ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौपा दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी दंपत्ती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आखिर कब होंगे सफाई के टेंडर जारी, कब तक होगी नालों की सफाई

# मानसून सिर पर, नालों की साफ-सफाई अभी तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मानसून सीजन दस्तक देने वाला है। जून के अंतिम सप्ताह में मानसून बारिश होने के आसार हैं। बारिश सीजन मे शहर मे जलभराव के हालात सब के सामने रहे हैं। शहर मे जलभराव की ठिकरा जनस्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद एक दूसरे के सिर फोड़ते रहते हैं। अब मानसून सीजन से पहले जनस्वास्थ्य विभाग तथा नगर परिषद शहर मे जलभराव से निपटने की सभी तैयारियां को पूरा करने का दावा कर रहे हैं। नगर परिषद जींद बरसाती नालों की सफाई करवाने के लिए लगभग 35 लाख का टेंडर लगाएगा। टेंडर को लेकर नगर परिषद ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर लगने के बाद बरसाती नालों की सफाई करवाई जाएगी। शहर में छोटे-बड़े 55 से अधिक नाले हैं। इन सभी नालों की सफाई अभी से शुरू की जाए, क्या 25 जून से पहले हो सकेगी लेकिन अब तक नपा अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। शहर के चक्कर रोड, नरवाना रोड भिवानी रोड, राजेंद्र नगर राम कॉलोनी, रोहतक रोड, ओम नगर, सफीदों रोड सेक्टर 7, 8 हांसी रोड, संत नगर राजनगर हकीकत नगर, रतन कॉलोनी समेत अन्य स्थानों से जल निकासी के लिए नाले निकले हुए हैं। इसके अलावा शहर में छोटी-बड़ी नालियां भी हैं। इनमें से कई नालियों में अभी कचरा जमा हुआ है। नगर परिषद ने पिछले साल भी लगभग 35 लाख से अधिक राशि से नालों की ही सफाई करवाई थी। बहुत सी कॉलोनियों में बरसाती पानी की निकासी नालों पर ही निर्भर है। बरसात शुरू होने से पहले ही नालों की सफाई ठीक ढंग से की जाती है ताकि बरसात के पानी की निकासी हो सके। शहर के नाले पॉलीथिन व अन्य गंदगी से पट कर अवरुद्ध हो गए हैं। समय पर सफाई नही होने के कारण यह गंदगी इन नालों में पूरी तरह से जम जाती है। जिस कारण यहां से बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पाती। दुकानदारों द्वारा शहर में किए गए अतिक्रमण के कारण कई जगह नाले विलुप्त होने की कगार पर है। शहर में पानी निकासी के लिए नगर परिषद ने नाले बनाए हुए हैं। इनमें से अधिकतर नालों की हालत ऐसी है कि बनाने के बाद इन पर ध्यान ही नही दिया।

## जून के अंतिम सप्ताह में मानसून बरसात होने के आसार



जींद। ड्रेन सफाई का निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### तैयारियां पूरीः जगदीप सिंह

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता जगदीप सिंह बरसाती मौसम को लेकर विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। बरसाती पाइपों की सफाई करवा ली है। पंप सैट, जनरेटर सब चैक करवा लिए हैं। पाइप, जनरेटर और पंप सैट को स्टोर के तौर पर रखा हुआ है। जरूरत के हिसाब से उनको प्रयोग में ले लिया जाएगा।

### एसई और एक्सईएन ने किया ड्रेनों का निरीक्षण

**जींद।** जिले से होकर गुजर रही सभी ड्रेनों और माइनरों की साफ.-सफाई बरसाती सीजन से पहले की जा रही है। विभाग ने सभी ड्रेनों की सफाई के लिए 30 जून की डेडलाइन निर्धारित की गई है। सिंचाई विभाग के एसई राजेश गोदारा व एक्सईएन पुनीत राय ने फील्ड स्टाफ के साथ कालवा-किनाना ड्रेन, पाली लिंक ड्रेन, गतौली एक्सटेंशन ड्रेन और जींद व जुलाना पानी प्रवाहित क्षेत्र का निरीक्षण किया और सफाई के काम को जांचा। अधिकारियों ने सफाई ठेकेदार को बरसात के सीजन से पहले सभी ड्रेनों की बेहतर तरीके से सफाई के सख्त निर्देश दिए और पानी प्रवाहित क्षेत्र में जाकर लोगों से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि जलभराव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार को 30 जून से पहले सफाई के कार्य को खत्म कर प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्यालय में जमा करवाने के लिए कहा। एसई राजेश गोदारा ने बताया कि 'यादा बरसात होने की सूरत में जलभराव नहीं होने दिया जाएगा। इससे निपटने को लेकर विभाग गंभीर है और इसके लिए टीम का भी गठन किया गया है। किसी तरह की दिक्कत किसानों व ग्रामीणों को नहीं आने दी जाएगी। एसई ने कहा कि ड्रेनों की सफाई के कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**नगर परिषद लगभग 35 लाख का टेंडर लगाएगीः** नगर परिषद अध्यख डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि नालों की सफाई करवाने के लिए नगर परिषद लगभग 35 लाख का टेंडर लगाएगी। इसको लेकर नगर परिषद ने प्रक्रिया शुरू कर देगी। मानसून से पहले नालों की सफाई करवा दी जाएगी।

# कार की टक्कर से पिता की मौत, दत्तक पुत्र गंभीर

■ घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अमरहेड़ी के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति मौत गई। जबकि उसका दत्तक बेटा घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गाव दरौलीखेड़ा हाल आबाद शिव कालोनी निवासी ओमप्रकाश तथा उसका गोद लिया बेटा राकेश गांव में अपने भाई की रस्म क्रिया में गए हुए थे। दोनों बाइक पर सवार हो कर शिव कालोनी लौट रहे थे। गांव अमरहेड़ी के निकट सर्विस रोड पर नीचे की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें ओमप्रकाश तथा राकेश घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि राकेश की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भतीजे सोनू ने पुलिस को बताया कि उसके मृतक ताऊ के इकलौते बेटे की वर्ष 2018 मे मौत हो गई थी। जिसके बाद उसने राकेश को गोद ले लिया था। अभी कुछ दिन पहले उसके चाचा अनिल की मौत हो गई। जिसकी रस्म क्रिया में उसका ताऊ ओमप्रकाश तथा राकेश आए हुए थे। वापसी के दौरान हादसे में उसके ताऊ ओमप्रकाश की मौत हो गई। जबकि राकेश घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने सोनू की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

# पूंडरी में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में विवाहिता की सुसरालियों द्वारा दहेज हत्या किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। मृतक विवाहिता के पिता दयानंद निवासी पाई गेट पूंडरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई की उसकी लडकी संगीता 22 वर्षीय ने जनवरी 2024 में अपनी मर्जी से रवि निवासी गांव गुल्लरपुर थाना निसिंग जिला करनाल के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। जो अब पूंडरी में ही रहता है। शादी के कुछ दिन बाद दोनों परिवारों ने रिश्ते को अपना लिया था। जिसके बाद अपनी हैसियत के मुताबिक लड़की को दान दहेज दिया और आना-जाना भी शुरू कर लिया था। उसके कुछ समय बाद संगीता का पति रवि व उसके परिवार वाले संगीता को दहेज के लिए मारपीट करने लगे। उसको मानसिक व शारिरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मेरी लडकी संगीता ने शर्म के मारे उन्हें कुछ नहीं बताया, लेकिन जब ज्यादा हद पार हो गई तो उसकी लडकी ने करीब डेढ़ महीना पहले फोन पर हमें सारी बात बताई कि उसे उसका पति रवि ससुर रामेश्वर, सास व दो ननदे बार-बार दहेज के लिए ताने देकर मानसिक रूप से परेशान करती थी ।

### विदेश भेजने का झांसा दे 6.40 हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने दो युवकों को वर्क वीजा लगवाने तथा विदेश भेजने का झांसा दे फर्जी एयर टिकट भेज छह लाख 40 हजार रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव बडौदा निवासी जगबीर ने गत 13 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका लड़का 2023 में टूरिस्ट वीजा पर दुबई गया था। वहां पर उसकी मुलाकात अंबाला निवासी राकेश तथा गांव ढाबी निवासी राहुल से हुई। जिन्होंने उसके बेटे को वर्क वीजा के बारे में बताया। साथ दोनों ने जर्मनी का वर्क वीजा लगवाने की बात कही। सितंबर 2023 में राहुल तथा राकेश गांव बडौदा आए और विदेश भेजने के लिए बातचीत की। जिस परी उसने अपने बेटे सावन तथा रिश्तेदार को विदेश में काम दिलाने के लिए कहा। जिसकी एवज में आरोपितों ने छह लाख 40 हजार रुपये ओर दस्तावेज ले लिए। जिसके बाद आरोपितों ने दोनों की टिकट व्हाट्सअप पर भेज कर गुजरात बुला लिया। दो दिन वहां रखने के बाद कहा कि फ्लाइट रद्द हो गई।

### भीषण गर्मी के साथ बढ़ी बिजली की खपत

**जींद।** भीषण गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली खपत भी बढ़ने लगी है। बिजली खपत में रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 20 दिनों की बात करें तो पूरे जिले में दस लाख यूनिट बिजली खपत बढ़ गई है। इसके कारण बिजली निगम पर बोझ बढ़ गया है। वहीं बिजली की खपत बढ़ने से शहर तथा गांव में कट भी लगने शुरू हो गए है। जैसे-जैसे बिजली खपत बढ़ेगी वैसे.वैसे बिजली कटों की संख्या भी बढनी शुरू हो जाएगी। हालांकि अभी धान की रोपाई का सीजन शुरू ही हुआ है। अगले सप्ताह तक पूरे जिले में धान की रोपाई का सीजन शुरू हो जाएगा। इसके बाद बिजली की मांग 'यादा बढ़ जाएगी। गांव तथा शहर के अलावा खेतों को भी बिजली की जरूरत होगी। उस समय जिले में बिजली खपत एक करोड़ के पार हो जाएगी। 26 मई की बात करें तो उस समय बिजली खपत 80.39 लाख थी। देखते हुए जिले में बिजली खपत बढ़ने लगी है। अब जिले में बिजली खपत का आंकड़ा 90 लाख यूनिट के पार हो गया है। निगम कर्मचारियों को निर्देश हैं कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का तुरंत मौके पर जाकर समाधान करें।

## जिला प्रशासन ने नहर तथा तालाबों पर लगाई धारा 144

# नहरों में नहाने वालों पर शिकंजा कसेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गर्मी के मौसम में नहर तथा तालाबों पर नहाने वाले युवाओं पर पुलिस शिकंजा कसेगी। पुलिस अब नहरों और तालाबों पर गश्त करेगी। यदि कोई भी नहर या तालाब पर नहाते हुए मिला तो उसके खिलाफ एफ आईआर दर्ज की जाएगी। क्योंकि जिला प्रशासन ने नहरों तथा तालाबों के आसपास धारा 144 लागू की हुई है। धारा 144 लगाने का कारण यही है कि नहरों या तालाबों में नहाते समय डूबने की घटनाएं हर साल होती है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने इन घटनाओं को रोकने के लिए धारा 144 लगाई है। जिलेभर में पिछले साल अलग-अलग जगहों पर पांच लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। हालांकि पिछले साल जिला प्रशासन ने नहरों और तालाबों के पास धारा 144 लगाई हुई थी वहीं नहरों के आसपास चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए थे लेकिन उसके बावजूद भी युवा नहरों तथा तालाबों पर नहाने चले जाते थे और युवकों के डूबने की घटनाएं होती रहती थी। इस बार जिला प्रशासन ने इसको गंभीरता से लेते हुए नहरों तथा तालाबों पर पुलिस द्वारा लगातार गश्त करने के आदेश जारी किए हैं। नहरों में डूबने की घटनाओं पर अंकुश लगाने में अभिभावकों का अहम योगदान होगा। अभिभावक अपने बच्चों को नहरों, तालाबों तथा खेतों में बनी पानी की डिग्गी में नहाने से रोकें। अपने बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पिछले साल नहरों में नहाते हुए डूबने की अप्रिय घटनाएं हुई थी। गर्मी के तपिश के चलते परिजनों को बिना बताए युवा नहाने के लिए निकल जाते हैं। ऐसे में पानी के तेज बहाव होने तथा तैरना नहीं आने की वजह से डूब जाते हैं। गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए अभिभावक और अधिक सतर्कता बरतें क्योंकि अक्सर छुट्टियां बिताने के उद्देश्य से ही बच्चे और युवा इकठे होकर ऐसी जगहों पर जाने की योजना बनाते हैं। वहीं नहर के किनारों पर दौड़ लगाने वाले खिलाड़ियों को भी सावधान रहने के निर्देश दिए हैं। वह केवल खेल स्टेडियम या स्वीमिंग पूल का ही इस्तेमाल करें।

### थाना प्रभारियों को गश्त के निर्देश

एसपी सुमित कुमार ने कहा कि जिले में नहरों तथा तालाबों पर धारा 144 लगाई हुई है। जिले के थाना प्रभारियों को निर्देश हैं कि उनके थाना क्षेत्र में आने वाली नहरों- तालाबों तथा नदी पर गश्त करें तथा चेतावनी बोर्ड भी लाएं। नदी किनारे गाडियां खड़ी कर शराब तथा अन्य प्रकार नशा करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करें। यदि कोई भी नहर पर नहाता मिले तो उसके खिलाफ एफ आईआर दर्ज करवाएं।

### हांसी ब्रांच से मिला 14 वर्षीय बच्चे का शव

**सफीदों।** सफीदों के बीचोबीच बह रही हांसी ब्रांच नहर में शुक्रवार सुबह 14 वर्षीय बच्चे की लाश बहती हुई मिली। किसी ने बच्चे की लाश नहर में बहती हुई देखी तो उसने सिटी पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। बच्चे का शव पूरी तरह से फूलकर गल चुका था। मृतक बच्चे की पहचान मनीष (14) निवासी रेर कलां (पानीपत) के रूप में हुई है। मामले की सूचना परिजनों को मिली तो नागरिक अस्पताल पहुंचकर शव की शिनाख्त की। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे किसी नहर के अंदर एक लाश तैरती हुई दिखाई दी। उसने इसकी सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव को बाहर निकलवाया और उसे शिनाख्त के लिए सफीदों के नागरिक अस्पताल में रखवाया। नहर के निकाले गए बच्चे की शव की फोटो वायरल हुई तो परिजनों को इस बाबत सूचना मिली। रेर कलां गांव से तत्काल परिजन व काफी तादाद में ग्रामीण नगर के नागरिक अस्पताल में पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** नरवाना से महिला के गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुभाष नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 32 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। राजीव कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 23 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने, पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### किसी की अहमियत कम मत समझो : तिलकश्री

**उचाना।** उचानारू पुरानी मंडी उचाना में तेरापंथ भवन में प्रवचन करते हुए शासन साध्वी तिलकश्री ठाणे.3 ने धर्म सभा में कहा कि जिंदगी में किसी की अहमियत कम मत समझो। क्योंकि एक छोटे से गुब्बारे को पूरा समुंद्र भी डूबा नहीं सकता। इसलिए जीवन में हर किसी को अहमियत देनी चाहिए। जिंदगी के चार कड़वे सच के बारे में बताते हुए साध्वी ने कहा कि आप कभी किसी को संतुष्ठ नहीं कर पाओंगे।

### सांसद जयप्रकाश के कार्यक्रम को लेकर बैठक

**उचाना।** रजबाहा रोड पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। मीटिंग का आयोजन 21 जून को हिसार लोकसभा सांसद जयप्रकाश के उचाना आगमन को लेकर किया गया। कार्यक्रम स्थल को लेकर जगह तय करने को लेकर भी चर्चा हुई। सभी ने कार्यक्त्रम स्थल को लेकर अपने.अपने सुझाव दिए। सभी की सहमति से शहर के रेलवे स्टेशन के पास लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में मीटिंग को लेकर स्थान तय किया गया।

### पड़पौत्र की खुशी में दान किया वाटर कूलर

**उचाना।** पड़पौत्र होने पर भौंगरा गांव के रूपराम रंगा द्वारा भौंगरा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर दान स्वरूप दिया। बीआरसी रणपाल श्योकंद द्वारा वाटर कूलर का रिबॅन काट कर स्कूल को समर्पित किया। रूपराम रंगा ने कहा कि दान का भारतीय संस्कृति में बड़ा महत्व है। गांव के स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था तो थी।

### समाधान शिविरों से लोगों को मिल रहा लाभ

**सफीदों।** उपमंडल स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के लिए समाधान का जरिया बन गए हैं। लोगों को अपनी समस्याओं को लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर काटने की बजाए एक ही जगह समाधान प्राप्त होने लगा है। 9 से 11 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में लोग फैमिली आईडी से लेकर, बिजली, तहसील व पेंशन सहित अन्य समस्याएं लेकर लोग आते हैं।

### भाकियू करेगा चिन्तन शिविर का आयोजन

**नरवाना।** 15 जून से 18 जून को भारतीय किसान यूनियन का चिन्तन शिविर, लाल कोठी हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। इस चिंतन शिविर में भारतीय किसान यूनियन के संयोजक नरेश टिकैत व यूनियन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। जिसमें यूनियन की पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**सफीदों।** गांव बहादुरपुर में आयोजित की प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्यातिथि सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने शिरकत की। सैंसी समाज के प्रदेशाध्यक्ष रोहतास ने अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का फूलों की मालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

---

## समाधान शिविर में आई 154 शिकायतें, 85 परिवार पहचान पत्र से संबंधित

# जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं के हल के प्रति पूरी तरह से गंभीर : इमरान

**शिविर में आने वाले नागरिक लिखित में आवेदन पत्र पर अपना मोबाइल नंबर जरूर लिखें : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। आमजन की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में आवेदन पत्र के साथ-साथ परिवार पहचान पत्र जरूर साथ लेकर आएं। इसके अलावा समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र पर अपना मोबाइल नंबर जरूर लिखें ताकि जरूरत के अनुरूप उनसे संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आने वाले नागरिकों के आवेदनों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जा रही है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को उसी समय आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर हैं। शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में 154 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें मुख्यतया करीब 85 शिकायतें परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को दुरूस्त करवाने, 34 वृद्धावस्था पेंशन, आठ इंतकाल से संबंधित, दस राशन कार्ड से संबंधित रही। नागरिकों की समस्याएं सुनने के दौरान डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर प्रदेश सरकार को फलेक्सी कार्यक्रम है। इसे किसी भी विभाग का अधिकारी हलके में न लें।

### हर आवेदन पर उचित कार्रवाई की जा रही

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिक अपने साथ लिखित में आवेदन पत्र जरूर साथ लेकर आएं। इसके अलावा आवेदन पत्र पर अपना मोबाइल नंबर अवश्य लिखें ताकि किसी प्रकार की जानकारी लेने के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारी संपर्क कर सकें। समाधान शिविरों में आने वाले हर आवेदन पर उचित कार्रवाई की जा रही है।

### तुरंत ठीक करवा पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे

समाधान शिविर में गांव काकड़ौद निवासी होशियार सिंह अपनी फेमिली आईडी में आय को दुरूस्त करवाने की गुहार लगाई। जिस पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने संज्ञान लेते हुए क्रीड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फेमिली आईडी से सम्बन्धित जितनी भी शिकायतें आई हैं उन्हें तुरंत ठीक करवा कर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से जिले सिंह द्वारा खेत की निशानदेही करवाने बारे अपना आवेदन किया गया। गांव पिंडारा से सुरेंद्र सिंह द्वारा फैमिली इनकम ठीक करवाने बारे, गांव सिल्लाखेड़ी के बैंगन पुरी और गांव लखमीरवाला के विक्की द्वारा फैमिली आईडी में आय कम करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया।


उचाना। उपमंडल कार्यालय परिसर में लगा समाधान शिविर। फोटो: हरिभूमि

### समाधान शिविर में तीसरे दिन आई परिवार पहचान पत्र को लेकर दस शिकायतें

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय के सभागर में एसडीएम गुलजार मलिक की अगुवाई में लगे समाधान शिविर में विभिन्न विभागों को लेकर 24 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों के समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए। सबसे अधिक समस्याएं परिवार पहचान पत्र में सालाना आमदनी अधिक होना रहा। 10 शिकायत परिवार पहचान को लेकर आई। क्रिड विभाग को जल्द से जल्द समाधान के निर्देश जारी एसडीएम ने किए। इस संबंध में प्रत्येक गांव में भी क्त्रीड के कर्मचारी कैंप लगाने के लिए भी भेज गए हैं ताकि ग्राम स्तर पर ही लोगों की परिवार पहचान पत्र संबंधित समस्याओं का समाधान हो सकें। बीडीपीओ से संबंधित सात शिकायतें आई। जिनमें 'यादातर भवन निर्माण को लेकर थी। जनस्वास्थ्य विभाग की एक, पेंशन को लेकर एक, कृषि विभाग को लेकर एक, तहसील संबंधित एक, खाद्य आपूर्ति विभाग की दो, रोजगार विभाग की भी एक शिकायत प्राप्त हुई। गुलजार मलिक ने कहा कि समाधान शिविर में कोशिश रहती है कि जो भी समस्याएं लेकर आए उसका समाधान हो। हर रोज सुबह नौ बजे से 11 बजे तक सभी विभागों के अधिकारी एक जगह बैठकर समस्याओं को सुन उनका समाधान करने का प्रयास करते है।


नरवाना। समस्या सुनते हुए एसडीएम अनिल कुमार दून। फोटो: हरिभूमि

## एसडीएम ने संबंधित विभाग को समाधान के दिए निर्देश

- समाधान शिविर में 28 शिकायतें आई

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

उपमंडल सत्र पर लगातार चौथे दिन नरवाना लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। एसडीएम दून ने शिविर की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि खास बात यह रही की व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा शुक्त्रवार को आयोजित शिविर में सैकड़ो की संख्या में विभिन्न गांवो से जनप्रतिनिधियों एवं सेवा समितियों के सदस्यों ने सामूहिक समस्याएं भी रखी। शिविर के प्रति लोगों का रुझान दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। फरियादियों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी से साफ जाहिर है की समस्याओं के समाधान की दिशा में यह शिविर वरदान साबित हो रहे हैं। एसडीएम ने विस्तृत ब्योरा देते हुए बताया कि चौथे दिन के शिविर में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें मुख्य हमीरगढ़ गांव की पंचायत द्वारा खेतों के नहरी पानी की चोरी करने का मामला शामिल है। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम द्वारा पुलिस विभाग को मामले में तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बाबा साहब युवा विकास सेवा समिति गांव गढ़ी के सदस्यों द्वारा नाजायज कब्जा हटवाने के आवेदन पर संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। शिविर में समस्त चमेला कॉलोनी के निवासियों ने जर्जर हुई बिजली की केवल बदलवाने की दरख्वास्त की और बताया कि इस पुरानी तार से हमेशा बिजली आपूर्ति बाधित रहती है और हादसे का अंदेशा भी बना रहता है। इस पर संबंधित विभाग को तवरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

---

## 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की होगी पूरी फीस माफ : डा. पूनम मोर

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

- 65 से 75 प्रतिशत से अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं की आधी फीस माफ करने का प्रावधान

हिंदू कन्या कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बताया कि 2024-25 सत्र के दाखिलों की प्रक्रिया पूरे जोरों पर है। 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक वालों के लिए पूरी फीस माफी और 65 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक के लिए आधी फीस माफ करने का प्रावधान है। खेलों में विशिष्टता प्राप्त छात्राओं के लिए भी इसी प्रकार पूरी एवं अधिक फीस माफी का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में कला, वाणि'य एवं विज्ञान संकाय के साथ कंप्यूटर शिक्षा में स्नातक कार्यक्रम बीसीए भी प्रारंभ किया गया है। कुल 18 विभाग कॉलेज में उपलब्ध हैं, जिनमें गणित एवं वाणि'य में ऑनर्स का भी प्रावधान है। एमकॉमए एमए (इतिहास) एवं एमएससी (गणित) भी सफलतापूर्वक चल रहे हैं। छात्राओं के विशेष रुझान को देखते हुए गृह विज्ञान एवं संगीत जैसे विषय रखने वाला यह एकमात्र संस्थान है। सर्वांगीण विकास के लिए एनएसएस एवं एनसीसी जैसे कार्यक्रम भी उपलब्ध हैं, जिनका अतिरिक्त लाभ नौकरी एवं दाखिले में मिलता है। फैशन डिजाइन और संचार तकनीक जैसे ऐड ऑन कोर्सेज भी अनेक वर्षोंर् से चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त समय समय पर छात्राओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए भी अनेक सुविधाएं दी जाती हैं एवं लघुकालीन कोर्सेज शुरू किए जाते हैं। वाइफाई, कंप्यूटर्स, खेल सामग्री, सांस्कृतिक की सुविधाओं एवं गतिविधियों से भरपूर हरे भरे प्रांगण में लड़कियों को प्रत्येक प्रकार से सुगम एवं विशिष्ट शिक्षा उपलब्ध करवाई जाती है। बस स्टैंड से छात्राओं को लाने ले जाने हेतु बस सुविधा भी है। सरकार द्वारा निर्धारित एवं प्रबंधक समिति के स्तर पर अनेक छात्रवृत्तियों का भी प्रावधान है।

### आय 96 हजार और फैमिली आईडी में दिखाई जा रही तीन लाख

**जींद।** जींद निवासी अजय मलिक ने फैमिली आईडी में आय को दो से तीन गुणा बढ़ाकर दर्ज करने की शिकायत मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की है। अजय मलिक ने बताया कि वह पीएचडी कर रहे हैं और उन्हें मासिक आठ हजार रुपये की स्कॉलरशिप मिलती है। जो सालाना 96 हजार रुपये होती है। जबकि फैमिली आईडी में उनकी आय एक लाख 80 हजार से तीन लाख रुपये दिखाई जा रही है। उन्होंने अपनी सही आय दर्ज करने का अनुरोध किया लेकिन अधिकारी अड़े हुए हैं। तमाम जांच एजेंसियां सरकार के पास हैं, फिर भी अधिकारी अड़े हुए हैं। इसलिए मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर मांग की है कि मामले की जांच करवाएं और बीच में मेरे पैसे कौन खा रहा है, इसका पता लगा कर उनके पूरे पैसे दिलवाएं।

## जुलाना : समाजसेवी डा. हर्षिता को राज्यपाल ने किया सम्मानित

- विश्व रक्तदाता दिवस पर अंबाला में कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना


जुलाना। समाजसेवी डा हर्षिता अहलावत को सम्मानित करते महामहिम राज्यपाल।

विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर जुलाना की समाजसेवी डा हर्षिता को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंबाला में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। डा हर्षिता ने 10 बार रक्तदान किया और रक्तदान शिविर लगाकर लोगों को रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया। डा हर्षिता ने बताया कि उन्होंने अब तक 12 रक्तदान शिविर लगाए हैं। उनके पति डा योगेश नांदल भी समाजसेवा में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। कहा कि रक्त का अन्य कोई विकल्प नही होता। इसे केवल मानव शरीर द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। पहले एक भ्रांति होती थी कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है इसलिए युवा रक्तदान करने से कतराते थे लेकिन आज के समय में युवा जागरूक हो चुके हैं। रक्तदान से कमी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है।

---


जींद। मुख्यमंत्री से मिलते हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की राज्य कमेटी का प्रतिनिधिमंडल।

### प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को सौंपा पांच सूत्रीय मांगपत्र

**जींद।** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की रा'य कमेटी का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मिला। इस दौरान उन्होंने रोडवेज में कार्यरत चालक.परिचालक की मांगों को लेकर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि चालक.परिचालक के पे ग्रेड में बढ़ोतरी की जाए, वर्ष 2016 में आऊट सोसिंर्ग पॉलिसी पार्ट 2 के तहत नियुक्त चालकों को डेट ऑफ 'वायनिंग से पक्का किया जाए। चालक-परिचालकों को जोखिम भत्ता दिया जाएए चालक परिचालक कर्मचारी का वर्दी भत्ता, जूता भत्ता और धुलाई भत्ता बढ़ाया जाए तथा चालक परिचालकों बकाया बोनस दिया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि इन सभी पांचों मांगों पर प्रदेश सरकार जल्द कार्यवाही करेगी और संबंधित कर्मचारियों को लाभांवित किया जाएगा। रा'यप्रधान सुरेंद्र सिंह, रा'य महासचिव राजबीर सैनी, रा'य उपप्रधान अभिषेक शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा व अमन कुमार, कानूनी सलाहकार विनोद सैनी, कार्यालय सचिव सुरेश सैनी, रा'य सचिव अजमेर सिंह, प्रीतम बागड़ी, सुनील वर्मा, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## कांग्रेस के पक्ष में वोट प्रतिशतता बढ़ना दे रहा बड़े संकेत : रघुबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेता रघुवीर भारद्वाज। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघुबीर भारद्वाज ने कहा कि जनता-जनार्दन ने फैसला कर लिया है कि भाजपा को चलता कर हर वर्ग का हित साधने वाली पार्टी को सत्ता में लाना है। लोकसभा चुनाव में हरियाणा के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोट प्रतिशतता बढ़ना इस बात के संकेत है कि पब्लिक भाजपा के भ्रम जाल से निकलने वाली है। हरियाणा में लोकसभा के परिणाम तो महज ट्रेलर थे, पूरी फिल्म तो पब्लिक विधानसभा चुनाव में दिखाएगी। क्योंकि विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए हरियाणा में खाता खोलना भी मुश्किल हो जाएगा। रघुबीर भारद्वाज ने ये शब्द अपने कार्यालय में समर्थकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहे। इस मौके पर धर्मबीर, रणधीर, चांदीराम, धर्मपाल प्रधान, जोगेंद्र, राजेंद्र, फूलकुमार, संजय, रोहताश, जयपाल, अनील आदि मोजूद थे।


जींद। टाबर उत्सव में कला के गुर सीखते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### टावर उत्सव में अपने हुनर को तराश रहे विद्यार्थी

**जींद।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा बच्चों में कलात्मक क्षमता का विकास हो और उनके रचनात्मक दृष्टिकोण बढ़े इस दृष्टि से एक जून से लेकर 30 जून तक पूरे हरियाणा प्रांत में टाबर उत्सव कैंप का आयोजन सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए किया जा रहा है। विभाग की ऐसी सकारात्मक सोच कला कार छात्रों में मूर्ति कला के बीजारोपण का कार्य कर रही है, जो उनके कौशल विकास को बढ़ावा मिल रहा है। जींद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा टाइल कार्विंग, क्ले मॉडलिंग, मोल्ड व मूर्ति कला की बारीकियां को मूर्तिकार दीपक कौशिक और सुमित कुमार द्वारा उनके हुनर को तराशने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों के बच्चों में अपार ऊर्जा और रचनात्मक दृष्टिकोण भरा पड़ा है, बस उन्हें मार्गदर्शन के जरूरत है। क्योंकि उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियां किसी कला महाविद्यालय के छात्रों के तुलना में बराबर नजर आ रही है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की टाइल्स को काम करके उन्होंने पक्षी, फूल पत्ते, प्रकृति की दृष्य, पुराने सिक्के, मोर, पुरानी मोहर बना कर अपनी कला का परिचय बखूबी दे रहे हैं।

---

## योगाभ्यास के दूसरे दिन बताई योगा प्रोटोकॉल की बारीकियां

# लोगों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 की तैयारियों की श्रृंखला में जिला स्तर पर 13 से 15 तारीख तक चल रहे योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में दूसरे दिन शुक्रवार को अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर में सहायक प्रो. डा. विरेंद्र आचार्य ने शिविर में पहुंचे लोगों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उप सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने दीप प्रज्ज्वलन का शिविर का शुभारंभ किया। योगाभ्यास शिविर में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला ने बताया कि उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में दूसरे दिन सहायक प्रो. डॉ वीरेंद्र कुमार ने योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया। सबसे पहले प्रतिभागियों को भगवान की प्रार्थना के साथ शिविर को प्रारंभ किया। उसके बाद योग की सूक्ष्म क्रियाएं करवाई गई। उन्होंने ताड़ासन, पादहस्त आसान, वक्रासन, उत्तान मंडुक आसान, भुजंगासन, शलभासन, पवन मुक्तासन, उत्तान पादासन का अभ्यास करवाया। योगासन के अभ्यास के बाद प्राणायाम नाड़ी शोधन शीतली व भ्रामरी का अभ्यास करवाया। अंत में ध्यान करवाते हुए संकल्प करवाया गया। योग कार्यक्त्रम के जिला नोडल अधिकारी डा. योगेश कुमार ने बताया कि दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी दिनांक 29 मई से जिले भर में चल रही हैं। जिला स्तरीय कार्यक्त्रम के साथ ब्लॉक स्तर पर भी प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया 19 जून को योग मैराथन का आयोजन पुलिस लाइन से शुरू होकर एकलव्य स्टेडियम तक होगी। 19 को ही चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में योग पॉयलट रिहसल का आयोजन किया जाएगा और 21 तारीख को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भी चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के परिसर में किया जाएगा उन्होंने योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।


जींद। साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए रेलवे पुलिसकर्मी।

### जीआरपी ने साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**जींद।** राजकीय रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को जंक्शन पर यात्रियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। महिला एएसआई कविता के नेतृत्व में पुलिस ने यात्रियों को साइबर क्त्राइम से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल लोग हमें बातों में उलझाकर या कोई लिंक भेजकर ठगी कर लेते हैं और हमें पता भी नहीं चल पाता। जब अपने बैंक खाते से रुपये कटने का मैसेज आता है तो हमें उसी समय धोखाधड़ी होने का पता चलता है। इसलिए इससे बचने के लिए हमें किसी भी अज्ञात व्यक्ति से बैंक संबंधित या कोई ओटीपी बारे जानकारी नहीं देनी है। इसके अलावा कोई हमारे व्हाटसअप नंबर पर कोई लिंक भेजकर उसको खोलने बारे कहता है तो उस पर क्लिक न करें। उस पर क्लिक करने से आपके बैंक खाते से राशि कट जाएगी। इसलिए ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। एसपीओ रघबीर सिंह भी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### जमीन के ठेका के दामों में आया उछाल

**पाई।** वर्ष 2023 में किसानों को उनकी धान के भव अधिक मिलने तथा अधिक उत्पादन होने के चलते जमीन के ठेकों में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। किसान राम मेहर, महेंद्र सिंह, गुरनाम, दिलबाग आदि ने बताया कि कुछ किसानों के पास अपनी खेती की जमीन न होने के कारण वे किसानों से खेती करने के लिये ठेके पर जमीन ले कर खेती करते है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष इन किसानों ने लगभग 65 हजार रुपये प्रति एकड़ ठेके पर लेकर खेती की थी, परन्तु अब की बार वही जमीन लगभग 78 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से ठेके पर लेनी पड़ी।

### झांसा दे लाखों हड़पने के आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने कनाडा भेजने का झांसा देकर छह लाख 60 हजार रुपये हडपने के आरोपित दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव कारखाना निवासी रोहताश ने गत तीन अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव के ही सुखविंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ मिल कर कम खर्च पर गारंटी के साथ युवकों को विदेश भेजने का कार्य करता है।

## समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

# जिला प्रशासन का उदेश्य हर नागरिक को मिले योजनाओं का लाभ : एडीसी

**शुक्रवार को समाधान शिविर में 65 शिकायतें आई, जिनमें चार का मौके पर ही समाधान किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। एडीसी सी जया श्रद्धा शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

सरकार के आदेशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर शुरू किए समाधान शिविरों में लोगों को रूझान बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। एसपी उपासना व एडीसी सी. जया श्रद्धा ने बड़ी सिद्दत से लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

एडीसी सी. जया श्रद्धा ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों को मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करना है। सरकार व जिला प्रशासन का ध्येय है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। शुक्रवार को समाधान शिविर में 65 शिकायतें आई, जिनमें 4 का मौके पर ही समाधान किया गया और अन्य शिकायतों के जल्द समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों दिशा निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर की समस्याओं का हल जिला मुख्यालय पर किया जाता है और कुछ समस्याएं मुख्यालय से संबंधित होती हैं तो उनको मुख्यालय पर भेजा जा रहा है। जिला स्तर का समाधान शिविर लघु सचिवालय में प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह नौ से 11 बजे तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फैमिली आईडी में जिन समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर किया जा सकता है, उन्हें तुरंत ठीक करें ताकि आमजन को बार-बार कार्यालय के चक्कर ना काटने पड़े। जिला स्तर के अलावा ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर भी कैंप आयोजित करके आमजन की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। ग्राम स्तर पर शिविर 14 से 22 जून तक आयोजित किए जाएंगे और इस दौरान जन्म तिथि की वैरिफिकेशन, नेम डैमो-ओथेंटिक वैरिफिकेशन, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, फैमिली स्ट्रक्चर अनवॉटिड व अनटैग वैरिफिकेशन, व्यवसाय, डुप्लीकेट मोबाईल नंबर, बैंक अकाउंट, जाति वैरिफिकेशन, फैमिली आईडी कोरेक्शन वैरिफिकेशन की जाएगी। अधिकत्तर शिविर गांव के राजकीय स्कूलों में आयोजित होंगे।

# शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया



कैथल। डीएसपी उमेद सिंह रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

बजरंग दल कैथल व नोबेल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में अंबाला रोड स्थित नोबल ब्लड सेंटर में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए बजरंग दल के जिला सहसंयोजक आशीष बजरंगी ने बताया कि बजरंग दल समय-समय पर आपातकालीन स्थिति में लोगों को रक्त उपलब्ध करवाता है। आज पूरा विश्व रक्तदाता दिवस मना रहा है ऐसे में रक्तदाताओं में एक उत्साह होता है कि वो सब रक्तदान कर इस दिवस को यादगार बन सके व रक्त देकर किसी के जीवन को बचा सके आज के शिविर में कैथल से डीएसपी उमेद सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज का युवा रक्तदान को लेकर जागरूक है। ये समाज के लिए एक अच्छी बात है उन्होंने कहा इसका अंदाजा इसी बात से लगता है कि जहां इस शिविर में लगभग 22 लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। इसमें आई.सी.एस सेंटर में पढ़ने वाली बिटिया स्माइल ने पहली बार रक्तदान किया। वहीं कैथल के रजिंदर कुमार ने 110 वीं बार रक्तदान किया इस शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वहां डॉ राजकुमार गुप्ता, सुरेंद्र कैण्डल, प्रवीण सेगा, पार्षद रोहन मित्तल, पार्षद प्रतिनिधि रजत थरेजा, अमित, बजरंग दल से सुमित, हितांशु, नवरत्न, विक्रम, अभिषेक गोयल, मेजर सिंह, शम्मी आदि मौजूद रहे।

# योग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली योग जागरण यात्रा


कैथल। आयुष विभाग एवं महिला पतंजलि योग समिति योग जागरण यात्रा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

- आमजन को योग के प्रति जागरूक करना मुख्य उद्देश्य : डॉ. प्रतिभा भाटिया

हरिभूमि न्यूज. कैथल

आयुष विभाग एवं महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शुक्रवार को सुबह 6 बजे योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। योग जागरण यात्रा जाट स्टेडियम से लेकर कमेटी चौंक तक निकाली गई। इसमें नियमित रूप से योग करने वाले महिला पतंजलि योग समिति के योग साधकों समेत महिला पतंजलि की प्रतिनिधि अमर राविश एवं सूबे सिंह तथा आयुष विभाग कैथल के नोडल अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया, डॉ. राजेंद्र, डॉ. जितेंद्र गिल शामिल रहे। गांव स्तर पर नियमित योग कक्षा चलाने वाले आयुष योग सहायकों द्वारा महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम कैथल से की गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने बताया कि यात्रा में योग साधकों ने बैनर के साथ साथ योग के प्रति जागरूक करने वाली तख्तियां लेकर करो योग रहो निरोग के नारे लगाते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। योग जागरण यात्रा की मुख्य थीम ह्यह्ययोग करें, रोग करें, निरोग रहे रही।

# सिख युवक से मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

- पुलिस ने दो आरोपियों को जिला जींद के गांव पेगा से काबू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। पुलिस अधीक्षक उपासना मामले की जानकारी देते हुए।


कैथल। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

अज्ञात युवकों द्वारा एक सिख व्यक्ति से मारपीट करते हुए धार्मिक भावना को आहत करने वाले शब्द बोलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को जिला जींद के गांव पेगा से काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जिला जींद के गांव सिंगवाल के ईशु तथा गांव शेरगढ के सुनील शामिल है। आरोपियों से पूछताछ दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी ईशु कैथल में फाइनेंस का काम करता है तथा सुनील टैक्सी स्टैंड पर गाड़ी चलाने का काम करता है। 10 जून की शाम दोनों आरोपियों ने करनाल बाइपास पर शराब पी थी। दोनों अंबाला बाइपास के पास अपने किसी दोस्त से मिलने के लिए जा रहे थे। रास्ते में फाटक के पास सुखविंद्र के साथ कहासुनी हो गई। थोड़ा आगे चलकर उनका झगड़ा हो गया व झगड़े में ईशु ने सुखविंद्र को ईंट मारी। सीआइए-1 में पत्रकारों से बातचीत में एसपी उपासना ने बताया कि 10 जून 2024 की रात को बस स्टैंड कैथल के पास फाटक से आगे सेक्टर 19 के पास बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने कैथल के सुखविंद्र सिंह के साथ मारपीट करते हुए धार्मिक भावना आहत करने वाले शब्द बोले थे। इस बारे में शिकायतकर्ता सुखविंद्र की शिकायत पर थाना सिविल लाइन कैथल में मामला दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि उक्त मामले की जांच के लिए डीएसपी गुरविंद्र सिंह के नेतृत्व में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी, सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, थाना सिविल लाइन एसएचओ इंस्पेक्टर शीलावंती तथा साइबर सेल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह की टीम द्वारा सीसीटीवी सहित कड़ी मेहनत करते आरोपियों की पुख्ता पहचान की।

### समाज सेवी नेकी का घर संस्था को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**गुहला-चीका।** भारतीय रैडक्रास समिति हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ द्वारा महिला रक्तदाता एवं सेवा संस्थान सम्मान समारोह का आयोजन आज अम्बाला मे किया गया। जिसमें श्री बंडारू दत्तात्रेय माननीय राज्यपाल एवं प्रधान भारतीय रैडक्रास समिति हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के कर कमलों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया। इस मौके पर गुहला चीका की प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था नेकी का घर संस्था को संमानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संथापक सन्नी कालड़ा ने बताया की नेकी का घर संस्था गुहला चीका समय समय पर लोग भलाई के नेक कार्य करती रहती है। संस्था के प्रधान हुकम सिंह मैहला ने बताया की संस्था पिछले छः वर्षो से अपनी सेवाएं दे रही है, हुकम सिंह ने बताया कि पिछले तीन साल के समय मे संस्था द्वारा लगभग चालीस रक्त दान शिविर लगाए जा चुके है


गुहला चीका। नेकी का घर संस्था को श्री बंडारू दत्तात्रेय माननीय राज्यपाल सम्मानित करते हुए।

**न्यूज डायरी**

### ग्राम पंचायत कौल ने चलाया स्वच्छता अभियान



**ढाड।** ग्राम पंचायत कौल की ओर से स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में सुंदरता बढ़ेगी व गंदगी के मामले में सुधार होगा। इस अभियान के माध्यम से, सरपंच व पंचायत ने ग्रामीणों को जागरूक किया व स्वच्छता के महत्व को समझाया। सरपंच ने इस दौरान सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लेने व पंचायत के अभियान को सफल करने के लिए सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने युवा संगठनों और महिला समूहों के सहयोग से भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान चलाने की बात कही। सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढती ने बताया कि गांव में कूड़ा कोलेक्शन को लेकर एक गाड़ी लगाई हुई है ताकि जगह-जगह गंदगी के ढेर न लगें और ये कूड़ा नालियों में न डाला जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान सिर्फ सफाई के लिए ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और हाइजीन के मामले में भी ग्रामीणों को जागरूक करने का उद्देश्य रखते हैं। रामपाल, बबली, भाग सिंह मेंबर, संजू मेंबर, रजनी मेंबर आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल ने किया डा. पुष्पा को सम्मानित



**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे कॉलेज परिवार के लिए अपार खुशी की बात है कि डॉ. पुष्पा सहायक प्रोफेसर, इतिहास विभाग को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा (राज्य शाखा) द्वारा सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला कैंट के प्रांगण में आयोजित विशेष कार्यक्रम में महामहिम बंडारू दत्तात्रेय राज्यपाल, हरियाणा के कर कमलों द्वारा मानवता के कार्यों व सामाजिक गतिविधियों में भरपूर सहयोग देने निमित्त सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. पुष्पा अपने विषय की सफल एवं निपुण प्राध्यापिका है। उनके द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में सहभागिता निरंतर बनी रहती है। वह बहुत ही कर्मठ एवं समर्पित प्राध्यापिका है। डॉ ऋषिपाल ने कहा कि मैं उनकी कर्मठता, ईमानदारी व समर्पण भावना का सम्मान करता हूँ।

# शिक्षा भारती के प्रिंस ने जेईई एडवांस की परीक्षा को किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


कलायत। प्रिंस कांसल को सम्मानित करते शिक्षा भारती कलायत के स्टाफ सदस्य व पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जेईई एडवांस परीक्षा परिणाम नीट के द्वारा जारी कर दिए हैं। जिन विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स में 95 परसेंटाइल अंक लिए थे वहीं छात्र जेईई एडवांस की परीक्षा में बैठने के लिए योग्य थे। शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के एक होनहार विद्यार्थी प्रिंस कांसल ने 99.89 परसेंटाइल अंक लेकर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया था। अब जेईई एडवांस में प्रिंस कांसल ने ऑल इंडिया लेवल पर 5923 रैंक प्राप्त करके अपनी कामयाबी का परचम लहरा दिया है। प्रिंस कांसल अब आईआईटी काउंसलिंग में शामिल होकर कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहता है। विद्यालय के चेयरमैन श्री कुलदीप सिंह बिढान ने विद्यालय आने पर प्रिंस कांसल को सम्मानित किया और कहा की इसके पिता नरेश कांसल एक छोटे दुकानदार है दिन रात कड़ी मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। प्रिंस कांसल की माता मंजू रानी एक गृहणी है। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक श्री जितेंद्र सिंह बिढान ने प्रिंस कांसल कि इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय से काफी विद्यार्थी जे.ई.ई. व नीट की परीक्षा पास करके सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान में दाखिला पा रहे हैं ।


राजौंद। आईटीआई राजौंद में बच्चों को जागरूक करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को नशा न करने बारे किया जागरूक

**राजौंद।** थाना प्रबंधक राजौंद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा राजकीय आईटीआई राजौंद में विद्यार्थियों को नशे दुष्प्रभावों की जानकारी देकर इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बच्चों व स्टाफ को जानकारी दी गई कि नशा जैसी बुराई से घर बर्बाद हो रहे है। नशे कि लत में ना पड़कर खेल व शिक्षा में मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। नशे के अवैध धंधे में संलिप्त कुछ लोग चंद पैसे कमाने के चक्कर में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें कदापि सहन नहीं किया जाएगा। युवाओं को नशे के प्रति आकर्षित करने के लिए नशा तस्कर तरह-तरह के हथकंडे अपनाते जीवन व भविष्य खराब न हो। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ इस युद्ध में आप लोग सच्चाई का साथ दें। अगर किसी के परिवार या आस पड़ोस में कोई भी नशे का कारोबार करता है या नशे का सेवन करता है तो बगैर किसी संकोच के उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि नशे जैसी बुराई को जड़ मूल से समाप्त किया जा सके। नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है।

# नशा न करने की शपथ दिलाई

- अभियान चलाकर पुलिस लगातार आमजन को जागरुक कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाते पुलिस अधिकारी।

कैथल पुलिस ने 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। डीएसपी ने बताया कि कैथल पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के साथ साथ नशा तस्करो पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। जो इस मुहिम दौरान वर्ष 2024 दौरान जनवरी से मई माह तक 26 मामलो में 44 नशा तस्करों को काबू किया गया। मुहिम दौरान ही कैथल पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में एनडीपीएस एक्ट तहत 99 मामले दर्ज करके 148 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। डीएसपी ने कहा कि नशा आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ देते हुए आहुति डाले। डीएसपी ने बताया कि कैथल जिले में नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील, महिला सिपाही, मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम सहित सभी थाना प्रबंधको ने विभिन्न स्थानों पर सेमिनार, रैली आदि कार्यक्रमों के साथ आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया।

## 21 जून को नई अनाज मंडी में होगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# 19 को होगी पायलेट रिहर्सल एवं योग मैराथन: श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। एडीसी सी .जया श्रद्धा लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि 21 जून को नई अनाज मंडी में जिला स्तर पर हर साल की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अंतिम रिहर्सल करवाई जाएगी तथा मैराथन दौड़ का आयोजन भी होगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह सात बजे योग दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इस कार्य को लेकर संबंधित विभागों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाएं।

एडीसी सी.जया श्रद्धा लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग को लेकर आयोजित की गई बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब 2100 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता की दृष्टि से पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। जिला स्तर पर मुख्य आयोजन नई अनाज मंडी में होगा। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, योग प्रशिक्षु, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के क्लबों से जुड़े लड़के एवं लड़कियां व जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। इस आयोजन में आयुष, पुलिस, हरियाणा रोडवेज, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, बिजली आपूर्ति सहित सभी विभाग व सामाजिक संगठन अपना सहयोग देंगे। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 19 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक योग दिवस की अंतिम रिहर्सल करवाई जाएगी।


गुहला चीका। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी व कर्मचारी।

### ज्यादा से ज्यादा शिविर में आएं और लाभ उठाएं

**गुहला-चीका।** आज यहां गुहला में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका के कार्यालय में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर को एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार ने लोगों का आह्वान किया कि सरकार द्वारा उनके घर-द्वार पर ही समस्याएं हल करने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं नतीजतन वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर में आएं और लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी समस्याएं व शिकायतें होती है, जिनका मौके पर समाधान करना संभव नहीं होता। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच करके जल्द समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आमजन के सहयोग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। परंतु आम नागरिक को अगर कोई परेशानी आती है तो वे शिविरों में आएं क्योंकि प्रशासन का पूर्ण प्रयास होता है कि समाधान शिविरों के माध्यम स लोगों को शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो। शिविर में लोग जितनी भी शिकायतें लेकर आए, उन सभी का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### रक्त दान को युवा आगे आए : कैलाश भगत

**कैथल।** विश्व स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में श्री नीम साहिब गुरुद्वारा कैथल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गय। शिविर में हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिन्होंने रक्त दाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किय। युवा ऐसे ही रक्त का दान करते रहे और जरूरतमंद की जान बचाते रहे मैं तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।

### एनिमिया: 130 विधार्थियों के खून की जांच

**नरवाना।** शुक्रवार को राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी, संस्थान नरवाना में सामान्य अस्पताल की टीम दवारा एनिमिया मुक्त हरियाणा के तहत 130 विद्यार्थियों की खून की जांच की गई। जिसमें डा देवेंद्र बिन्दलिश, एसएमओ सामान्य अस्पताल नरवाना के मार्गदर्शन मे डा कपिल शर्मा, डा राहुल कौशिक तथा अंकुश लैब टैक्निशियन की सहायता से खून की जांच की गई।

### स्वास्थ्य केंद्र में मनाया मलेरिया रोधी माह

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया रोधी माह मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा सन्नी नैन ने की। लोगों को संबोधित करते हुए डा सन्नी नैन ने कहा कि जुन को मलेरिया माह को इसलिए मनाते हैं।

### जितेंद्र भारद्वाज ने बैठक कर विचार सांझा किए

**नरवाना।** शुक्रवार को नरवाना के पार्षद आशुतोष शर्मा के निवास स्थान पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और विप्र फाउंडेशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे और वहां पर उन्होंने ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध जनों से मुलाकात की और समाज के सामाजिक और राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा की।

### न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर हडपे 5.80 लाख

**जींद।** न्यूजीलैंड भेजने का झांसा देकर पांच लाख 80 हजार रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदो पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द काबू किया जाएगा।

# दाखिला आवेदन के मामलों में जींद आईटीआई दूसरे स्थान पर, 21 तक कर सकते हैं आवेदन

**सबसे ज्यादा 5155 आवेदन के साथ कैथल आईटीआई प्रथम**

- आईटीआई खेड़ाखेमावती (सफीदों) में मैकेनिक मोटर व्हीकल व टर्नर व्यवसाय शुरू : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आइटीआई में दाखिले के लिए विद्यार्थी लगातार आवेदन कर रहे हैं। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए 21 जून तक आवेदन कर सकते हैं। दाखिले को लेकर जिले में जींद शहर की राजकीय आइटीआई हमेशा की तरह विद्यार्थियों की पहली पसंद बनी हुई है।

इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश की विभिन्न राजकीय आइटीआई में अब तक हुए आवेदनों की संख्या में जींद की आइटीआई दूसरे नंबर पर है। कैथल की राजकीय आइटीआई में अबतक सबसे ज्यादा 5155 आवेदन आए हैं। वहीं जींद की राजकीय आइटीआई में 4645 आवेदन हुए हैं और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। ऐसे में आईटीआई में दाखिले को लेकर मारामारी रहेगी। इसके साथ ही आईटीआई खेड़ाखेमावती (सफीदों) में मैकेनिक मोटर व्हीकल व टर्नर व्यवसाय शुरू हो गया

### जींद में कुल 5244 सीटों पर दाखिले के लिए रहेगी प्रतिस्पर्धा

जिले भर में नौ सरकारी और 16 निजी आइटीआई हैं। इनमें 5244 के करीब सीटें हैं। जिनमें सरकारी आइटीआइ की 2688 और प्राइवेट आइटीआई की 2556 सीटें शामिल हैं। दसवीं में करीब 19 हजार और 12वीं में 17 हजार से 'यादा विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। ऐसे में दाखिले के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। इस बार परिणाम बढ़िया रहा है, इसलिए मेरिट लिस्ट भी काफी ऊंचे तक जाएगी। सात जून के प्रथम सप्ताह से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। जिले के विभिन्न राजकीय आइटीआई में निर्धारित सीटों से तीन गुणा विद्यार्थी दाखिले के लिए लाइन में हैं। आवेदक को एडमिशनस डाट आइटीआइ हरियाणा डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन करना होगा।



जींद। आईटीआई जींद, आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करते हुए

#### योग्यता अनुसार विकल्प भरें

आईटीआई में दाखिले के लिए विद्यार्थी के पास अपना आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई-मेल आईडी, बैंक खाता संख्या, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नवीनतम फोटो, हरियाणा के स्थायी निवासी का प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज जरूरी हैं।

#### प्रदेशभर में आईटीआई में दाखिलों की टॉप टेन सूची

| आईटीआई | दाखिले के लिए आवेदन आए |
|---|---|
| 1. राजकीय आईटीआइ कैथल | 5155 |
| 2. राजकीय आईटीआइ जींद | 4645 |
| 3. राजकीय आईटीआइ भिवानी | 4545 |
| 4. राजकीय आईटीआइ हिसार | 4343 |
| 5. राजकीय आईटीआइ यमुनानगर | 3549 |
| 6. राजकीय आईटीआइ अंबाला | 3424 |
| 7. राजकीय आईटीआइ सिरसा | 3264 |
| 8. राजकीय आईटीआइ करनाल | 3054 |
| 9. राजकीय आईटीआइ नरवाना | 2760 |
| 10. राजकीय आईटीआइ बरवाला | 2671 |

#### जींद की राजकीय आइटीआइ प्रदेश में दूसरे नंबर पर

राजकीय आईटीआई के प्राचार्य अनिल गोयल ने बताया कि जींद की राजकीय आइटीआइ में अब तक दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा आवेदन हुए हैं। यहां विभिन्न 23 ट्रेड में 896 सीट हैं जिसमें दाखिले के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए आइटीआइ में हेल्पडेस्क भी लगाए गए हैं।

## हर गांव में होगा जल चौपाल का आयोजन : रणधीर मताना



**जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जल जीवन मिशन को कामयाब बनाने के लिए अब जिले मे अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक ग्राम मे जल चौपाल का आयोजन किया जाएगा। मताना शुक्रवार को गांव किनाना व ईंटल मे ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन हरियाणा सरकार व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। विभाग द्वारा इस योजना में प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य जल जीवन मिशन के तहत पानी प्रत्येक उपभोक्ता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए अब जल एवं स्वछता सहायक संगठन द्वारा विभाग के साथ मिल कर हर गांव जल चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गांव के सभी मुख्य लोगों को शामिल किया जाएगा।

## नव दुर्गा स्कूल के तीन छात्रों को राज्यपाल ने सम्मानित किया



**जींद।** गत 12 जून को पंचकूला में हरियाणा के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय द्वारा बाल भवन द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 19 विद्यार्थियों ने जिनमें से प्रथम स्थान चार, द्वितीय स्थान चार, तृतीय स्थान छह व सांत्वना स्थान पांच विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। बाल भवन द्वारा पूरे जींद जिले में से रा'य स्तर पर चार विद्यार्थियों का चयन किया गया था। जिसमें से तीन विद्यार्थी नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चयनित हुए हैं। इन प्रतियोगिताओं में उ'जवल ने अंग्रजी लेखन प्रतियोगिता में हरियाणा में प्रथम स्थान, वंशिका गर्ग ने थाली सजावट प्रतियोगिता में हरियाणा में प्रथम व आकाश पांचाल ने क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में हरियाणा में द्वितीय स्थान प्राप्त

### किसी पार्टी ने टिकट दी तो उस पार्टी के खिलाफ होगी एसोसिएशन

# पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली का हर स्तर विरोध करेगी सरपंच एसोशिएशन

सरपंच एसोशिएशन कांग्रेस के नेताओ से मिलेगी और उनकी मांगों को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग करेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरपंच एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सैमण व अन्य, प्रदेशस्तरीय बैठक में भाग लेते हुए सरपंच।

जाट धर्मशाला में शुक्रवार को आयोजित सरपंच एसोशिएशन की राज्य स्तरीय बैठक में भाजपा सरकार को सात जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया गया है। साथ पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का चुनाव में विरोध करने का निर्णय लिया गया है। चाहे देवेद्र बबली किसी पार्टी से लड़े या निर्दलीय चुनाव लडें। सरपंच एसोशिएशन उनके खिलाफ प्रचार करेगी। इसी बीच सरपंच एसोशिएशन कांग्रेस के नेताओ से मिलेगी ओर उनकी मांगों को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग करेगी। जिसके बाद सात जुलाई को सरपंचों की प्रदेशस्तरीय पंचायत बुला कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुधीर बुआना ने की। जबकि व्यक्ता के तौर एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण रहे। लगभग तीन घंटे चली बैठक मे व्यक्ताओ के निशाने पर पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली तथा भाजपा सरकार रही। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायतों के अधिकार छीन कर उन्हें पंगु बना दिया। लोकतंत्र की छोटी ईकाई का गला घोंट दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सरपंचो ने प्रचार किया। जिसके चलते भाजपा को पांच सीटें गंवानी पड़ी। अब विधानसभा चुनाव से पहले सभी सरपंचों को एकजुट किया जाएगा।

फिर ठोस निर्णय लिया जाएगा। सात जुलाई से पहले कांग्रेस के नेताओं से मिला जाएगा। जिनके सामने सरपंचों की मांगें रखी जाएंगी। अगर कांग्रेस सरपंचों की मांगों को अपने घोषणत्र में रखती है तो सरपंच एसोसिएशन कांग्रेस को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार उनके साथ बातचीत करती है तो बातचीत करने के तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों का अधिकार छीनने वाला पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली है। जिसका विरोध चुनाव में सरंपच करेंगे। वह चाहे निर्दलिय हो या किसी पार्टी से। उन्होंने कहा कि देवेंद्र बबली ने हरियाणा की पंचायतों को अपमानित करने का काम किया है और पंचायतों के लिए तरह-तरह के शब्दों का प्रयोग किया है। जिससे पूरे हरियाणा की पंचायतों के स्वभिमान को ठेस पहुंची और जो पैसे के घमंड में हर पार्टी की टिकट लाने का दावा करता है। ऐसे अहंकारी व्यक्ति को जो भी पार्टी विधानसभा चुनाव में टिकट देने का काम करेगी, उस पार्टी का साथ हरियाणा सरपंच एसोसिएशन का कोई भी साथी उस पार्टी का साथ नही देगा और उस पार्टी का विरोध किया जाएगा। इस मौके पर सुधीर बुआना, इश्म सिंह जाबा, राकेश, राजेश जागलान, जयभगवान, अनूप कंडेला समेत विभिन्न जिलो के प्रधान तथा ब्लाक प्रधान मौजूद रहे। सरंपच एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सैमण ने बताया की पूर्व पंचायत मंत्री का हर पार्टी से विरोध किया जाएगा। कांग्रेस के नेताओं से मिल कर उनकी मांगें घोषणपत्र में डालने को लेकर बातचीत की जाएगी। सात जुलाई का प्रदेशस्तरीय बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें हर रणनीति का खुलासा किया जाएगा।

## स्टेडियम न होने के कारण दम तोड़ रही हैं खेल प्रतिभाएं



**राजौंद।** सरकार एक ओर जहां प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व खिलाड़ियों को हर सुविधा मुहैया करवाने के दावे करती है वहीं राजौंद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेल का आधार एक अदद मैदान तक नहीं है। जिस कारण खिलाड़ियों को खाली खेतों व गलियों में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र में अधिकतर गांवों में खेल मैदान के अभाव के चलते खिलाड़ियों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। खेल प्रेमियों ने बताया कि गांव में खेलने के लिए खेल मैदान न होने के कारण गांव के युवाओं को खेलों से वंचित रहना पड़ रहा है। उधर कई खिलाड़ियों ने बताया कि वह खेल मैदान के अभाव में न तो खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवा सकते हैं तथा न ही वह अभ्यास कर सकते हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि खेतों में बनाए गए अस्थाई मैदानों में भी उन्हें कुछ दिन खेलना ही नसीब हो पाता है। क्योंकि खाली खेतों में कुछ दिन बाद बिजाई कर दी जाती है।

# शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्र किया

- कब बुलबुल जींद : पहला कदम फाउंडेशन और नेहरू युवा केंद्र जींद ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कब बुलबुल जींद, पहला कदम फाउंडेशन और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 80 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाषचंद्र ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि कब बुलबुल स्काउटिंग की प्राथमिक विंग है। इसके जिला संगठन आयुक्त राजेश वशिष्ठ हैंए जिनके नेतृत्व में कब बुलबुल गतिविधियों ने जिला स्तरए रा'य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा के आह्वान पर कि सामाजिक संस्थाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। कब बुलबुल जींद, पहला कदम फाउंडेशन और नेहरू युवा केंद्र जींद ने विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 80 यूनिट रक्तदान करवाना अपने आप में मायने रखता हैए जिससे सिद्ध होता है कि सामाजिक संस्थाओं का वजूद अभी जिंदा है। नेहरू युवा केंद्र जींद की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी हरप्रीत और उनकी टीम ने भाग लिया।



जींद। शिविर में रक्तदान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### रक्तदाताओं को बैज लगाया गया

सामाजिक कार्यकर्ता समय-समय पर जरूरतमंद लोगों के मध्य जाकर उनके हित के लिए हर प्रकार का अपना योगदान देने में अपना कदम आगे बढ़ाते हैं। रक्तदान शिविर में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व ब्लड बैंक इंचार्ज डा. शिप्रा गिरधर ने रक्तदान करने आए हुए सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया। डा. राजेश भोला ने कहा कि रक्त की कमी से से किसी की जान नहीं जाए बल्कि रक्तदान करके किसी अनजान जरुरतमन्द व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। इसलिए पहला कदम फाउंडेशनए नेहरू युवा केंद्र, कब बुलबुल जरूरत के समय में अपना योगदान देते रहते है।

## गुहला क्षेत्र को लोगों को फिर से सताने लगी बाढ़ की चिंता



गुहला चीका। अधिकारियों व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक में बाढ़ से बचाव बारे बात करते हुए विधायक ईश्वर सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

- विधायक ने ग्रामीणों व सिंचाई अधिकारियों की बुलाई बैठक

गुहला को बाढ़ से बचाने के लिए हलका विधायक ईश्वर सिंह ने आज अपने चीका स्थित निवास पर बाढग्रस्त गांवों के लोगों एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की एक अहं बैठक बुलाई। यहां यह उल्लेखनीय है कि हलका विधायक ईश्वर सिंह ने विधानसभा सत्र में भी बाढ़ के मुद्दे को उठाते हुए इसके स्थाई समाधान की मांग की थी। विधायक का कहना था कि मिट्टी के कच्चे बांधों का कोई फायदा नहीं है और यहां कंकरीट के बांध बनाकर बाढ़ से बचाव का स्थाई समाधान करना चाहिए। मालूम रहे कि जिला कैथल का गुहला हलका ही एक ऐसा हलका है, जो बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है क्योंकि बाढ़ का पानी पंजाब क्षेत्र के गांव जुलानीखेड़ा से गुहला के गांव सिहाली से होता हुआ दर्जनों गांवों में तबाही मचाता है। विधायक ने आज उक्त मीटिंग के दौरान ग्रामीणों से बाढ़ से बचाव के लिए सुझाव मांगे और उन्हें अधिकारियों की मौजूदगी में प्रशासन द्वारा अब तक बाढ़ से बचाव के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी दी। इस मौके पर दर्जनों बाढग्रस्त गांवों से आए लोगों ने बताया कि पिछले साल आई बाढ़ ने यहां बहुत तबाही मचाई थी परंतु प्रशासन ने इस क्षेत्र को बाढ़ से बचाने के लिए कोई सुध नहीं ली।

### शास्त्रों में व्रत की बड़ी महिमा बताई : आचार्य जीवन शास्त्री

**राजौंद।** मनुष्य जीवन सफल बनाने के लिए शास्त्रों में व्रत की बड़ी महिमा की गई है। व्रत ओर उपवास के नियम पालन के लिए शरीर को तपाना ही तप है। भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति में व्रतों का विशेष महत्व है। इस बारे में आचार्य जीवन शास्त्री जी ने 18 जून को आने वाले निर्जला एकादशी के बारे में श्रद्धालुओं को जानकारी देते हुए कही। सब व्रतों में श्रेष्ठ एकादशी का व्रत माना गया है। निर्जला एकादशी व्रत से दूसरे व्रतों की अपेक्षा सौ गुणा फल मिलता है। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी का व्रत रखने से वर्ष भर की सभी एकादशी के समान फल मिलता है। 18 जून को आने वाले निर्जला एकादशी के दिन मिट्टी के बर्तन में जल भरकर पूजा करें।

### शहर में जेडी-7 मिनी बाईपास पर अंडरपास बनाया जाएगा

# दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन की क्रॉसिंग पर बनेगा अंडरपास

- अंडरपास के निर्माण के लिए 20 करोड़ 27 लाख 12 हजार का टेंडर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन की क्रॉसिंग के लिए शहर में जेडी-7 मिनी बाईपास पर अंडरपास बनाया जाएगा। एचएसआरडीसी (हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम) ने अंडरपास के निर्माण के लिए 20 करोड़ 27 लाख 12 हजार रुपये का टेंडर लगा दिया हैए जिसकी ऑनलाइन बिड 26 जून को खुलेगी। वर्क अलॉट होने के बाद एजेंसी को 15 महीने में अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा करना होगा। इस अंडरपास के बनने से दस से 'यादा कॉलोनियों के लोगों को फायदा होगा। जिसमें अजमेर बस्ती, शर्मा नगर, सुभाष नगर, भटनागर कॉलोनी व बुढ़ाबाबा बस्ती कॉलोनियां शामिल है। वहीं सफीदों रोड से भिवानी रोड बाईपास तक मिनी बाईपास का विस्तार हो जाएगा। पहले बड़े बाहनों के आवागमन के लिए भिवानी रोड से मार्ग था लेकिन भिवानी रोड रेलवे फाटक पर छोटे साइज का अंडरपास बनाया जा रहा है। जहां से बढ़े वाहन नहीं गुजर पाएंगे।



जींद। वह जगह जहां अंडरपास बनाया जाएगा। फोटो : हरिभूमि

#### कॉलोनी वासियों ने प्रदर्शन कर सौंपा था ज्ञापन

अंडरपास बनाने की मांग को लेकर भिवानी रोड क्षेत्र की कॉलोनियों के लोगी ने जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए कई बार डीसी और अन्य अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा था। कॉलोनी वासियों का कहना है कि रेलवे लाइन की वजह से ऐसा लगता हैए वे किसी दूसरे शहर में रहते हैं। बाजार में लंबी दूरी तय करके आना पड़ता है। जयति-जयति हिंदू महान संगठन अतुल चौहान ने बताया कि दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन की क्रॉसिंग के लिए अंडरपास बनेगा। इससे कालोनीवासियों को बहुत फायदा होगा। वो लगातार अंडरपास की मांग को लेकर आंदोलनरत थे।

#### 15 महीने में करना होगा काम पूरा : शशांक कुमार

एचएसआरडीसी के डीजीएम शशांक कुमार ने बताया कि जेडी-7 मिनी बाईपास पर अंडरपास बनाने के लिए टेंडर लगा दिया गया है। टेंडर अलॉट होने के बाद जिस कंपनी को सौंपा जाएगा, उसे 15 महीने के अंदर काम पूरा करना होगा। इस अंडरपास के बनने से शहर को फायदा होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005